दिनांक 02 अगस्त 2019

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

वृक्षारोपण महाअभियान "मोर पेड़ मोर जीनगानी" के अभियान से जुड़ने के लिए बड़ी तिथि , अब सितंबर तक कर सकेंगे सेल्फी अपलोड

भिलाईनगर/वृक्षारोपण पुरस्कार प्रतियोगिता मोर पर मोर जीनगानी के लिए 15 अगस्त के स्थान पर 15 सितंबर तक का समय बढ़ाया गया है ताकि अधिक से अधिक और लोग इससे जुड़ सकें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण भिलाई शहर के भीतर हो सकें , 10 अगस्त तक वृक्षारोपण कर सेल्फी अपलोड करने का मौका दिया गया था जो अब 10 सितंबर तक अपलोड किया जा सकेगा एवं चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए 15 सितंबर को पुरस्कार दिया जाएगा! आयुक्त एसके सुंदरानी ने अभियान की सफलता को देखते हुए तिथि को आगे बढ़ाने का फैसला लिया है!

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आगामी वर्षा ऋतु में किए जाने वाले वृक्षारोपण को लेकर जन सहभागिता को जोड़ते हुए अभियान चलाने के निर्देश दिए है!

जिस पर आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने समस्त जोन आयुक्त एवं विभागीय अधिकारियों को वृक्षारोपण के लिए जन जागरूकता लाने के लिए आदेशित किया है!

स्मार्ट एप भिलाई जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित है इसे वृक्षारोपण महाअभियान पुरस्कार "मोर पर मोर जीनगानी" के लिए अपडेट कर दिया गया है इस ऐप में अब वृक्षारोपण करने के पश्चात लोग जानकारी अपलोड कर रहे हैं !

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है
जल ही जीवन है!